हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

12 रोमांचक मैच में वीएलडीए व बीवीएससी टीम को हराया



12 नारनौंद से खांडा खेड़ी की सड़क खस्ता हाल, यात्रियों...



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

**हिसार।** सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी द्वारा आयोजित अग्निवीर जनरल ड्यूटी भर्ती रैली में चयनित अभ्यर्थियों की सूची आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 30 मई को सुबह 8 बजे सेना भर्ती कार्यालय हिसार में उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती निदेशक ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी उम्मीदवार तय समय पर पहुंचे, ताकि दस्तावेज सत्यापन व अन्य औपचारिकताएं समय पर पूरी की जा सकें।

### बकरीद पर 28 मई को रहेगा अवकाश : डीसी

**हांसी।** सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 'ईद-उल-जुहा (बकरीद)' के अवसर पर अब 28 मई को राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया है। इससे पूर्व यह अवकाश 27 मई को निर्धारित किया गया था। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि यह अवकाश हरियाणा सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य सरकारी संस्थाओं में लागू रहेगा। इसके साथ ही 28 मई को घोषित यह अवकाश नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा-25 के अंतर्गत भी मान्य होगा।

### सीआईए ने हेरोइन के साथ एक आरोपी को पकड़ा

**हिसार।** सीआईए मील गेट की टीम ने सैक्टर मोड अग्रोहा से आरोपी दीपक उर्फ कालू को चिट्टा समेत गिरफ्तार किया है। सीआईए मील गेट के एसआई धर्मवीर के नेतृत्व में पुलिस टीम गशत पर थी। इस दौरान शक के आधार पर एक युवक की तलाशी ली तो जिसके कब्जे से 8 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना अग्रोहा में मामला दर्ज किया गया है।

### रास्ता अवरूद्ध करने के आरोपी पर कार्रवाई

**हिसार।** सदर थाना पुलिस टीम द्वारा गश्त व कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान सार्वजनिक मार्ग ढंढूर पुल व तलवंडी राणा के बीच आरोपी द्वारा अपना ट्राला रोड़ पर अवैध रूप से अवरोध उत्पन्न कर यातायात प्रभावित करने पर आरोपी हरिओम निवासी चुरू के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अवरोध खड़ा कर आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही थी, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### रास्ता रोककर मारपीट करने के दो आरोपी काबू

**हिसार।** रोककर मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आजाद नगर निवासी राजदीप के साथ रास्ता रोककर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में संलिप्त अंकित निवासी बड़वा व शिव निवासी भिवानी को गिरफ्तार किया है। आजाद नगर थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### चंडीगढ़ ट्रेन 30 मई से लेकर 4 जून तक रद्द

**हिसार।** शाहबाद एवं मोहरी स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इसके कारण वाया हिसार चलने वाली ट्रेन संख्या 64563/64564 रायपुर हरियाणा (हिसार)-अंब अंदौरा-रायपुर हरियाणा 30 मई से लेकर 4 जून तक रद रहेगी। रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार ट्रेन संख्या 64564 हिमाचल प्रदेश के अंब अंदौरा स्टेशन से दोपहर बाद 3 बजे चलकर नंगल डैम, मोहाली, चंडीगढ़, अम्बाला, नरवाना, जाखल होते हुए यह ट्रेन रात 1 बजकर 5 मिनट पर रायपुर हिसार स्टेशन पहुंचती है।

## अधूरे नाले और पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

# चेतावनी: तीन दिन में समाधान नहीं हुआ तो रोड जाम करेंगे ग्रामीण

**अधूरे पड़े नाले के कारण जगह-जगह गंदा पानी जमा होने की समस्या को गंभीर बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** अधूरे नाले, गंदे पानी की निकासी और पेयजल संकट को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूम*

बरवाला रोड़ स्थित गांव दयाल सिंह कॉलोनी में मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने अधूरे नाले, गंदे पानी की निकासी और पेयजल संकट को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए समस्याओं के जल्द समाधान की मांग उठाई।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव से सिसाय पुल की ड्रेन तक बनाए जाने वाले नाले का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। गांव के सरपंच श्याम खांडा ने बताया कि करीब 82 लाख रुपये की लागत से यह कार्य शुरू हुआ था, लेकिन ठेकेदार बीच में ही काम छोड़कर चला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने काम पूरा होने का दावा किया, जबकि मौके पर स्थिति अलग है। सरपंच के अनुसार इस मामले को लेकर एसडीओ, एक्सईएन और उपायुक्त को शिकायतें भी दी गईं, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार को भुगतान जारी कर दिया गया। ग्रामीणों ने अधूरे पड़े नाले के कारण जगह-जगह गंदा पानी जमा होने की समस्या को गंभीर बताया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने गांव में चल रहे पेयजल संकट को भी उठाया। उनका कहना था कि पिछले दो से तीन महीनों से पीने के पानी की भारी कमी बनी हुई है, जिसके चलते उन्हें दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। इस मामले में बीडीओ अशोक मेहरा ने कहा कि उन्हें अभी पूरे मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो गांववासी मिलकर रोड जाम कर आंदोलन करेंगे।



हिसार। बरवाला :गांव बधावड़ में आयोजित पंचायत को सम्बोधित करते वक्ता

## जलभराव का स्थायी समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा : पूनिया

- 3 जून को ओंटू हैड सिरसा में होगी राज्य स्तरीय महापंचायत : सुमित दलाल
- गांव बधावड़ में किसान-मजदूर महापंचायत में गरजे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

प्रशासन व सरकार की अनदेखी के चलते गांव बधावड़ के बाबा नागा पार्क में किसान मजदूर महापंचायत हुई। इस पंचायत की अध्यक्षता नफे सिंह पूर्व सरपंच, मा. फूल सिंह व कर्मवीर जलंधरा ने संयुक्त रूप से की। पंचायत का आयोजन अखिल भारतीय किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। संचालन रोहतास राजली व जितेंद्र बूरा ने किया।

किसानों नेताओं ने पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के अनेक गांव बधावड़,राजली, पंघाल, सरसौद, बिछपड़ी, खेड़ी बर्की, हंस नगर, ढाणी खान बहादुर, डाटा, गुराणा, लितानी, खैरी, फरीदपुर, कंडूल, किनाला, भेरिया आदि में गत साल खरीफ की फसलों में बारिश और बड़ा भारी नुक्सान हुआ था। न केवल फसलें बर्बाद हुई थी बल्कि घरों में जान, माल का भी बड़ा भारी नुकसान था लेकिन इन गावों के किसानों को आज तक भी पूरा मुआवजा नहीं मिला, जिनके घर इस बाढ़ से गिर गए थे उनको एक पैसा भी मुआवजे का नहीं मिला।कहा कि 3 जून को ओंटू हैड पर महापंचायत में हजारों किसान मजदूर भाग लेंगे। इस अवसर पर किसान सभा के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया, शमशेर नम्बरदार, डॉ.मिया सिंह बिठमडा, रोहतास राजली, सत्यवान रेढू सतेन्द्र कौथ, सरदानंद राजली, धोलू जेवरा, नरेश भ्याण, जितेंद्र बधावड़, सुखदेव बुरा, शकुंतला जाखड़, दिनेश सिवाच, कमला आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद व जिला नगर आयुक्त नीरज। *फोटो : हरिभूम*

## जलभराव से निपटने को फील्ड में उतरे अधिकारी

- एडीसी व जिला नगर आयुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा
- अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानसून के आगमन से पूर्व जिले में जलभराव की संभावित समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद व जिला नगर आयुक्त नीरज ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जल निकासी व्यवस्थाओं और चल रहे सफाई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन राजगढ रोड व आर्य नगर, बालसमंद सब ब्रांच पंप हाउस, विभिन्न गांवों से गुजरने वाली हिसार घग्गर मल्टीपरपज ड्रेन, ऋषि नगर, लघु सचिवालय व जीजेयू स्ट्रॉम डिस्पोजल आदि स्थलों का दौरा कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पहले सभी जल निकासी परियोजनाओं और ड्रेनों की सफाई का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि बरसात के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल जलभराव की स्थिति से निपटना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित और राहतभरा वातावरण उपलब्ध करवाना है।

### किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं

उन्होंने कहा कि जिले में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। सभी कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी प्रकार की लापरवाही या चूक की संभावना न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं मानसून से पहले पूरी तरह तैयार रखी जाएं।

### ड्रेनों की सफाई का कार्य तेज

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया कि जिले में ड्रेनों की सफाई कार्य तेजी से जारी है। आधुनिक तकनीकों की सहायता से सफाई कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए जहां पूर्व में जलभराव की समस्या अधिक रही है। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में अतिरिक्त नलकूपों और पंपिंग स्टेशनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## एमआरपी के मनमाने निर्धारण के विरोध में उतरी अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत

- लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन
- एमआरपी व्यवस्था में पारदर्शिता लाकर उपभोक्ताओं के आर्थिक शोषण पर रोक लगाए सरकार : पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। एडीसी को ज्ञापन देते अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी।

उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा वस्तुओं पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के मनमाने निर्धारण के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, हिसार इकाई ने लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों एवं जागरूक नागरिकों ने सरकार से एमआरपी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने तथा उपभोक्ताओं के आर्थिक शोषण पर रोक लगाने की मांग उठाई। इसका नेतृत्व करते हुए इकाई के जिला अध्यक्ष सुमित सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में अनेक निर्माता कंपनियां वस्तुओं पर वास्तविक कीमत से कहीं अधिक एमआरपी अंकित कर रही हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं के सामने भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है और उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एक गैर-राजनीतिक संगठन के रूप में ग्राहक जागरण अभियान के माध्यम से लगातार उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है। इस प्रदर्शन के दौरान संगठन ने सरकार के समक्ष महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इस दौरान उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नवीन जैन ने लोगों को एमआरपी व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रदर्शन के उपरांत जिला अतिरिक्त उपायुक्त को एमआरपी संबंधी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर डॉ. डी.के. शर्मा, संदीप कुमार, मोहन गौतम, कृष्ण, सुनील, निर्मला सुप्रिया, अनु आदि मौजूद रहे।

## ढाणी केंदू में भीषण आग से घर राख, छत गिरी

- तीन साल के बच्चे समेत महिलाएं बाल-बाल बचीं
- रंग-रोगन करने वाले मजदूर पर टूटा दुखों का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हांसी।** आग लगने के बाद घर में जला पड़ा सामान। *फोटो : हरिभूम*

निकटवर्ती गांव ढाणी केंदू में मंगलवार शाम एक मकान में अचानक भीषण आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि मकान की छत भी भरभराकर गिर गई। हादसे के समय घर में 3 साल का बच्चा, महिलाएं और अन्य बच्चे मौजूद थे, जिन्होंने समय रहते घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर जांच की जा रही है। आगजनी की इस घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रोजमर्रा के जीवन का संकट खड़ा हो गया है। परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है ताकि वे दोबारा अपना घर और जीवन व्यवस्थित कर सकें।

### कुछ ही मिनटों में आग ने लिया विकराल रूप

पीड़ित रामनिवास सैनी ने बताया कि वह रंग-रोगन का काम रकता है। मंगलवार शाम करीब साढ़े तीन बजे वह काम पर गया हुआ था। इसी दौरान पड़ोसियों का फोन आया कि उसके घर में आग लग गई है। सूचना मिलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आग पूरे मकान में फैल चुकी थी। आसपास के लोग अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। रामनिवास ने बताया कि आग ने कुछ ही देर में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा कूलर, तीन पंखे, वाशिंग मशीन, पानी की मोटर, घरेलू सामान तथा रंग-रोगन के काम में इस्तेमाल होने वाला सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की भीषण तपिश के कारण अन्य कमरों में भी नुकसान पहुंचा और मकान की छत गिर गई।

### सिलेंडर बाहर निकालने से टला बड़ा हादसा

घटना के दौरान आग वाले कमरे के पास रसोई में गैस सिलेंडर भी रखा हुआ था। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए समय रहते सिलेंडर को बाहर निकाल लिया, जिससे संभावित बड़ा विस्फोट टल गया। यदि सिलेंडर आग की चपेट में आ जाता तो नुकसान और भी भयावह हो सकता था।

### महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित निकाला गया

ग्रामीणों के अनुसार आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं, जिससे पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। राहत की बात यह रही कि घर में मौजूद महिलाओं और बच्चों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा जनहानि हादसा टल गया।

## सड़क निर्माण कार्य में लगी महिला मजदूर को ट्रक ने कुचला, मौत

- पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रोहा क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर लिंक रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में सड़क निर्माण कार्य में जुटी एक 60 वर्षीय महिला मजदूर को तेज रफ्तार ट्रक ने बेरहमी से कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव नंगथला की रहने वाली चमेली देवी के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि इन दिनों दुर्जनपुर लिंक रोड पर सड़क बनाने का काम चल रहा है, जहां चमेली देवी लेबर के रूप में काम कर रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे स्थित एक फैक्ट्री से एक ट्रक बाहर निकला। चालक ने लापरवाही से ट्रक दौड़ाया और सड़क पर काम कर रही चमेली देवी को कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। चमेली देवी के सिर पर दुखों का पहाड़ सालों पहले ही टूट गया था। साल 2006 में उसके पति की मौत हो चुकी थी। पति के गुजर जाने के बाद चमेली देवी अकेले ही हिम्मत जुटाकर मजदूरी करती थी और अपने पांच बच्चों का पेट पाल रही थी। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि बाकी चारों बच्चे अभी अविवाहित हैं। मां की मदद के लिए दोनों बेटे भी मजदूरी करते हैं, लेकिन अब इस हादसे ने बच्चों के सिर से मां का साया भी हमेशा के लिए छीन लिया। महिला के बेटे जसवंत ने बताया कि उसकी मां सड़क बनाने का काम कर रही थी। इसी दौरान रॉन्ग साइड से ट्रक आया और मां को कुचल दिया। बेटे जसवंत के बयान के आधार पर अग्रोहा पुलिस ने केस दर्ज करके ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## नए नागरिक अस्पताल के निर्माण को लेकर वन विभाग ने दी एनओसी

# एयरपोर्ट चौक के पास 22 एकड़ में बनेगा नया भवन

**एनओसी मिलने के बाद जमीन अब स्वास्थ्य विभाग के नाम हस्तांतरित करने की होगी प्रक्रिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** जिला नागरिक अस्पताल। *फोटो : हरिभूमि*

डीसीएम रोड पर एयरपोर्ट चौक पर बनने वाले नए जिला नागरिक अस्पताल के निर्माण को लेकर वन विभाग ने एनओसी जारी कर दी है। इसके साथ ही नागरिक अस्पताल के नए भवन के निर्माण की राह आसान हो गई है। एनओसी मिलने के बाद जमीन अब स्वास्थ्य विभाग के नाम हस्तांतरित किया जाना संभव हो सकेगा। हस्तांतरित करने की इस प्रक्रिया में करीब दो माह लग सकते हैं। जमीन स्वास्थ्य विभाग के नाम होते ही अस्पताल के नए भवन के एस्टीमेट व टेंडर प्रक्रिया को अमलीजामा पहनने का कार्य शुरू हो जाएगा। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल के नए भवन के लिए प्रशासन की तरफ से डीसीएम रोड पर एयरपोर्ट चौक के पास करीब 22 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। जो जमीन चिह्नित की गई है वह राजस्व रिकॉर्ड में राजकीय पशुधन फार्म (जीएलएफ) के साथ-साथ वन विभाग के नाम भी दर्ज थी। इसके चलते वन विभाग की एनओसी की जरूरत पड़ी। वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण लंबे समय से नए अस्पताल भवन की प्रक्रिया अटकी हुई थी।

### नए निर्माण में आ रही थी दिक्कतें

जिले के मौजूदा नागरिक अस्पताल को शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र और पुरातत्व विभाग की पाबंदियों के कारण शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। वर्तमान अस्पताल ऐतिहासिक गुजरी महल के पास स्थित है, जिससे वहां नए निर्माण या सुदृढ़ीकरण की अनुमति नहीं मिल पाती। ऐसे में प्रशासन ने एयरपोर्ट चौक के पास डीसीएम रोड पर लगभग 22 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया अस्पताल बनाने की योजना को सिरे चढ़ाने में लगा है। मौजूदा जिला नागरिक अस्पताल में रोजाना 1700 मरीज उपचार के लिए आते हैं। अस्पताल में करीब 25 वेंटिलेटर हैं लेकिन जगह की कमी के कारण ये बंद पड़े हैं। प्रस्तावित अस्पताल का उद्देश्य मौजूदा अस्पताल में जगह की कमी को दूर करना और मरीजों को बेहतर व आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रस्तावित अस्पताल 200 से 300 बेड का होगा। इसमें आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो वर्तमान में स्थान की कमी के कारण उपलब्ध नहीं हो पा रहीं।

### एनओसी मिली

वन विभाग से एनओसी मिल चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। विभाग को करीब दो माह में जमीन का मालिकाना हक मिलने की उम्मीद है। - **डॉ. सपना गहलावत, सीएमओ।**



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# पूजा

## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।




हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

टीवी मसाला




# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।

## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'



# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें

मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।

# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन



**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।

## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉड्र्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग


जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।


## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग ने तैयार किया जल गुणवत्ता मानचित्र

# प्रदेश में 31.83 % भूजल 'उत्तम गुणवत्ता' व 30.04 % 'सीमांत लवणीय' श्रेणी का

19.50 प्रतिशत भूजल उच्च एसएआर खारा जल श्रेणी का मिला

- राज्य के जल गुणवत्ता मानचित्र का कुलपति प्रो. काम्बोज ने किया विमोचन





हिसार। कुलपति प्रो. काम्बोज के साथ वैज्ञानिक तथा हरियाणा में भूजल गुणवत्ता मानचित्र। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने प्रदेश के जल गुणवत्ता मानचित्र का विमोचन किया। यह मानचित्र विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों में उपलब्ध भूजल की गुणवत्ता, सिंचाई उपयोगिता तथा फसल प्रबंधन संबंधी वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराना है।

जल गुणवत्ता मानचित्र में हरियाणा के विभिन्न जिलों के जल की गुणवत्ता का विस्तृत वर्गीकरण प्रस्तुत किया गया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लगभग 31.83 प्रतिशत भूजल 'उत्तम गुणवत्ता जल' श्रेणी में पाया गया, जिससे अधिकांश फसलों की सफल सिंचाई की जा सकती है। वहीं लगभग 30.04 प्रतिशत जल 'सीमांत लवणीय जल' श्रेणी में पाया गया, जिसका उपयोग लवण-सहनशील फसलों के लिए किया जा सकता है। भूजल गुणवत्ता मानचित्र के अनुसार खारा जल 6.04 प्रतिशत, उच्च एसएआर खारा जल 19.50 प्रतिशत, थोड़ा सोडियम युक्त जल 5.67 प्रतिशत, सोडियम युक्त जल 1.66 प्रतिशत तथा उच्च सोडियम युक्त जल 5.26 प्रतिशत है।

### महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह मानचित्र : काम्बोज

प्रो. काम्बोज ने कहा कि राज्य के उपलब्ध सिंचाई जल की गुणवत्ता के आधार पर फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन तथा कृषि उत्पादन तकनीकों की बेहतर योजना बनाने में यह मानचित्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खराब गुणवत्ता वाले सिंचाई जल का वैज्ञानिक एवं संतुलित प्रबंधन वर्तमान समय की आवश्यकता है। यह कार्य आईसीएआर की अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना 'लवणीय जल का प्रबंधन एवं कृषि में संबंधित लवणीकरण' के अंतर्गत किया गया है। परियोजना के तहत राज्य के विभिन्न जिलों से भूजल नमूनों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर जल गुणवत्ता का वर्गीकरण एवं मानचित्रण किया गया।

### तीनों स्तरों पर लाभकारी सिद्ध होगा : डॉ. गर्ग

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि जल संसाधनों का वैज्ञानिक प्रबंधन ही भविष्य की कृषि को सुरक्षित एवं टिकाऊ बना सकता है। किसानों की आय बढ़ाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए जल गुणवत्ता का सही आकलन और उसका प्रभावी उपयोग आवश्यक है। मृदा विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर ने बताया कि सीएसएसआरआई, करनाल के विभिन्न परियोजना समन्वयकों ने भी इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर परियोजना प्रभारी डॉ. रामप्रकाश, डॉ. संजय कुमार, डॉ. राजपाल यादव, डॉ. सरिता रानी, डॉ. अंकुश ढांडा, डॉ. सज्जन कुमार शर्मा तथा डॉ. सत्यवान उपस्थित रहे।

भूजल गुणवत्ता मानचित्र के अनुसार खारा जल 6.04 प्रतिशत

**हरियाणा में भूजल गुणवत्ता (वर्ष 2026)**

| श्रेणी | क्षेत्र (वर्ग किमी) | क्षेत्र (फीसद) |
|---|---|---|
| उत्तम जल | 14055.37 | 31.83 |
| थोड़ा खारा जल | 13261.16 | 30.04 |
| खारा जल | 2666.67 | 6.04 |
| उच्च खारा जल | 8609.40 | 19.50 |
| थोड़ा सोडियम युक्त जल | 2504.17 | 5.67 |
| सोडियम युक्त जल | 731.16 | 1.66 |
| उच्च सोडियम युक्त जल | 2323.90 | 5.26. |
| कुल | 44151.84 | 100.00 |

## खबर संक्षेप

### निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार अभियान निरंतर जारी है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने रेलवे स्टेशन रोड से अभियान की शुरुआत करते हुए सड़क से अतिक्रमण को हटाया। इसके बाद पोस्ट ऑफिस के सामने और परिजात चौक क्षेत्र में कार्रवाई की गई, जहां से दो दुकानदारों का सामान जब्त किया गया। टीम ने राजगुरु मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए तीन दुकानदारों का सामान जब्त किया। इसके अलावा नई सब्जी मंडी रोड पर मिली शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर किए गए अतिक्रमण हटवाया। वहीं आदर्श नगर में एक महिला की शिकायत पर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया।

### नारनौंद में प्रशासन ने तोड़ी अवैध कॉलोनी



नारनौंद। टाउन प्लानिंग विभाग की तरफ से मंगलवार को अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाकर सड़कें तोड़ी गई। किसी भी विरोध की संभावना को देखते मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। जानकारी के अनुसार शहर के जींद हांसी सड़क मार्ग पर फायर ब्रिगेड के पीछे बनी अवैध कॉलोनी में मंगलवार को टाउन प्लानिंग विभाग के अधिकारी पीला पंजा लेकर पहुंच गए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर प्रो. सतीश कुमार को तैनात किया गया था। कॉलोनी में अवैध तरीके से पक्की सड़कें बनाई हुई थी। पीला पंजा चला कर सभी सड़कों को तोड़ दिया गया। विभाग के जेई सचिन ने बताया कि कुछ लोग अवैध कॉलोनी काटकर लोगो को झूठा लालच देकर अच्छा मुनाफा कमाने का काम कर रहे हैं और लोग उनके बहकावे में आकर अपनी मेहनत की कमाई अवैध कॉलोनी में लगा देते हैं और बाद में उनको परेशानी होती हैं। इसी को लेकर शहर की एक कॉलोनी की सड़कों को तोड़ा गया है। भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई चलती रहेगी।

### लुवास में पूजा व विक्रम को मिली पदोन्नति

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत पूजा एवं विक्रम कुमार को सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति के आदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा दिए गए। इस अवसर पर कुलसचिव ने पदोन्नत हुए कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित लुवास गैर शिक्षक संघ के प्रधान तरूण तनेजा ने यूनियन की तरफ से इन पदोन्नतियों के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनोद कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. सुखदीप वोहरा का आभार व्यक्त किया।

### महिला को उसके परिजनों से मिलवाया

हिसार। आदमपुर पुलिस द्वारा भाणा गांव से रेस्क्यू कर एक मानसिक पीड़ति महिला को आजाद नगर स्थित भाग्यश्री महिला आश्रम में 6 दिन पहले छोड़ा गया था। भाग्यश्री महिला आश्रम टीम और एएचटीयू, एससीबी फतेहाबाद के संयुक्त प्रयासों से महिला के परिजनों से सम्पर्क हुआ। सूचना मिलते ही महिला का बेटा, बेटी व ननद आश्रम पहुंचे। कुलेरी निवासी बेटे ने बताया कि उसकी मां लगभग 4 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जो पहले भी दो बार घर से निकल चुकी है। आश्रम संचालिका बाला वर्मा और एएसआई अमित कुमार ने कागजी कार्यवाही पूर्ण कर महिला को परिवार के सुपुर्द किया। बेटे ने आश्रम टीम का आभार जताया।

### पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय योग शिविर आज से



हिसार। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में 27 मई से शहर दो भव्य एवं विशाल 5 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविरों का शुभारम्भ किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने योग शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहला शिविर ओपी जिंदल मेमोरियल पार्क, मिलगेट में आयोजित होगा, जबकि दूसरा शिविर जिंदल पार्क, बस स्टैंड के नजदीक में लगाया जाएगा। दोनों शिविर 27 से 31 मई तक प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकालीन सत्रों में संचालित होंगे। हिन्दुस्तानी ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में योग ही स्वस्थ, निरोग एवं तनावमुक्त जीवन का सबसे सरल माध्यम है। शिविरों में मोटापा, थायराइड, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटनों व जोड़ों का दर्द, शुगर, बी.पी., हृदय रोग, कमजोरी आदि समस्याओं के लिए योग, प्राणायाम, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के सरल उपाय बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर किसी को योगाभ्यास करना चाहिए।

### रेल यात्रियों को समाजसेवी पिला रहे शीतल जल

आदमपुर। रेलवे स्टेशन पर पिछले तीन महीनों से यात्रियों व लोगों को पूरे दिन भर ठंडा पानी पिला रहे हैं। इससे यात्रियों को गर्मी से बड़ी राह महसूस हो रही है, जैसे ही कोई ट्रेन आदमपुर रेलवे स्टेशन पहुंचती है समाजसेवी डिब्बे लेकर ठंडा पानी, ठंडा पानी की आवाज लगाते हुए यात्रियों की सेवा करने पहुंच जाते हैं। मास्टर दिनेश गर्ग ने बताया कि यह-जन सहयोग से सेवा पिछले कई वर्षों से चल रही है तथा आदमपुर के पूर्व सरपंच सुभाष अग्रवाल ने शुरू की थी तब से यह सेवा जारी है।

### प्रशिक्षण शिविर में दी गई एआई की जानकारी

आदमपुर। शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सीबीएसई के तत्वावधान में यूज़ ऑफ ए.आई. इन क्लासरूम विषय पर 2 घंटे का इनहाउस सीबीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण सत्र का संचालन सीबीएसई रिसोर्स पर्सन आनन्द शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग से जोड़ते हुए शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक, सरल, नवाचारी एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बनाना रहा।

### बच्चों के हितों की रक्षा करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता : डीसी



हिसार। बाल कल्याण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने पॉक्सो एवं बाल संरक्षण से जुड़े लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान समिति के समक्ष लंबित करीब 100 मामलों पर चर्चा की गई। इनमें कई संवेदनशील मामले भी शामिल रहे, जिनमें बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास तथा कानूनी सहायता से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से विचार किया गया। उपायुक्त ने मामलों की समीक्षा करते हुए बच्चों के हितों और उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों के अधिकारों से समझौता नहीं होना चाहिए और हर जरूरतमंद बच्चे तक समय पर सहायता पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में उपायुक्त ने लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का आगामी 15 दिनों के भीतर निस्तारण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

## महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 53.7 फीसद की कमी, 34 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



जिला हांसी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2026 में 1 जनवरी से 25 मई तक महिलाओं के खिलाफ कुल 25 मामले दर्ज किए गए, जबकि वर्ष 2025 की इसी अवधि में यह संख्या 54 थी। इस प्रकार महिला विरुद्ध अपराधों में 53.7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। महिला संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 34 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना स्तर के आंकड़ों के अनुसार थाना बास में 5 मामले कम, थाना शहर हांसी में 8 मामले कम, थाना सदर हांसी में 6 मामले कम, थाना नारनौंद में 9 मामले कम तथा महिला थाना हांसी में 1 मामला कम दर्ज किया गया है।

एसपी विनोद कुमार ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हांसी पुलिस की प्राथमिकता है। महिला संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई के लिए सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही महिला थाना, दुर्गा शक्ति टीम और साइबर पुलिस टीम द्वारा लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

### गुजवि ने बीएससी नर्सिंग कोर्सों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

हिसार। विद्यार्थियों तथा अभिभावकों की मांग पर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी विश्वविद्यालय के अन्य कोर्सों के साथ ही एक जून तक इन कोर्सों में दाखिले के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। इससे पूर्व बीएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने इस कोर्सों में दाखिले के लिए अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की थी। इसलिए विश्वविद्यालय ने इन कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है।

### श्री श्याम प्रचार मंडल ने तृतीय श्री श्याम महोत्सव का किया आयोजन



हिसार। श्री श्याम प्रचार मंडल के तत्वावधान में न्यू ऋषि नगर स्थित कम्युनिटी सेंटर में तृतीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायकों अभिनव ऐरन, पूर्णिमा बंसल (दिल्ली) एवं सहज तायल ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। "हारा हूं बाबा बस तुझ पे भरोसा है", "मुझे ला दो भजन वाली वही माला", "दुख का बादल जब-जब मुझ पर छा गया" तथा "कन्हैया आजा रे" जैसे लोकप्रिय श्याम भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और भक्ति रस में सराबोर होते रहे। मंडल के संरक्षक वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल एवं प्रमुख जितेंद्र ऐरन ने बताया कि कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश गोयल ने किया, जबकि भव्य दरबार सजाने की सेवा साहिल राखा द्वारा निभाई गई।

### अलग-अलग केसों में उद्घोषित दो आरोपी किए गिरफ्तार

हांसी। पीओ स्टाफ हांसी ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो उद्घोषित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए डाटा निवासी कृष्ण व राजस्थान के चुरू जिला के गांव बड़ी धनोटी निवासी रमेश के रूप में हुई है। सदर थाना में तैनात मुख्य सिपाही मीना ने गांव डाटा निवासी कृष्ण चेक बाउंस के मामले में अदालत में तय तारीख पर पेश नहीं हो रहा था। इस पर अदालत ने 27 मार्च को उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। वहीं दूसरे मामले में थाना बास में तैनात मुख्य सिपाही अवकाश ने बताया कि आरोपी रमेश सड़क दुर्घटना के एक मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। अदालत ने 6 सितंबर 2025 को उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।




हिसार। खुले दरबार शिकायत सुनते डायरेक्टर डॉ. योगेश बिदानी व अन्य अधिकारी।

## 41 शिकायतों की सुनवाई, 25 का मौके पर किया समाधान

- निगम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवाएं उपलब्ध करवाना : डॉ. बिदानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से डबल फाटक स्थित बिजली निगम परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सब डिवीजन हिसार के उपभोक्ताओं की बिजली एवं सोलर ऊर्जा से संबंधित समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की गई।

समाधान शिविर में मुख्य रूप से डीएचबीवीएन के डायरेक्टर डॉ. योगेश बिदानी उपस्थित रहे। उनके साथ चीफ इंजीनियर राजेन्द्र सभरवाल, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर एफआर नकवी, कार्यकारी अभियंता रविन्द्र सिंह तथा उपमंडल अधिकारी अंकित सिंह, मनदीप कुण्डू, परवीन कुमार और मनीष कुमार भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान कुल 41 शिकायतों की सुनवाई की गई, जिनमें से 25 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. योगेश बिदानी ने कहा कि निगम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवाएं उपलब्ध करवाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। कार्यक्रम में जन परिवाद समिति के सदस्य राजेन्द्र सपड़ा, रामचन्द्र गुप्ता, एमसी राजेश अरोड़ा, विनोद गोयल, हिमांशु महता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गोष्ठी — अब नहीं वो बचपन वाले नानी के घर, अब नहीं वो पहले से मायके...

## 'हो नहीं पाया जो अपना उम्र भर हम उसी के उम्र भर होकर रहे'


हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

महिला काव्य मंच की इकाई द्वारा एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्य गोष्ठी में महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। काव्य गोष्ठी का संचालन एवं अध्यक्षता हिसार इकाई की अध्यक्ष पूनम मनचंदा द्वारा की गई। कवयित्री नीरज सोरखी ने अपनी रचना 'शब-ए-हिज्र गुजर नहीं पाती, वो आवाज अब नहीं आती' सुनाकर सभी से सराहना पाई। कवयित्री नम्रता गोयल ने अपनी रचना 'आज जमकर बरस रहे हैं बादल, लगता है तुमने मेरी याद में आंखें भिगाई होगी' प्रस्तुत कर सबसे प्रशंसा पाई। कवयित्री विनीता गर्ग ने अपनी कविता 'हो नहीं पाया जो अपना उम्र भर, हम उसी के उम्र भर होकर रहे' सुनाकर सभी की तालियां पाई। कवयित्री दविना ठकराल ने अपनी बेहतरीन रचना 'आज मन ने, धीरे से दस्तक दी है भीतर, जैसे बरसों से बंद किसी कमरे की खिड़की खुलना चाहती हो' सुनाकर सभी का मन मोह लिया।

कवयित्री समीक्षा जैन ने अपनी कविता 'आजकल हर शख्स नहीं देखता आइना, आइना दिखाता है उसका असली चेहरा और वह तो हर समय ओढ़े फिरता है शराफत का नकाब' सुनाकर समां बांधा। युवा कवयित्री रिया नागपाल ने अपनी कविता 'कोरे कागज पर जब स्याही, अपने दिल के जज्बात लिखती है' सुना सभी की वाहवाही पाई। कवयित्री सुनीता जनावा ने अपनी रचना 'अब नहीं वो बचपन वाले नानी के घर, अब नहीं वो, पहले से मायके' सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। इस मौके पर सचिव उषा ठकराल, कवयित्री सीमा शर्मा 'विजया', कवयित्री पूनम मनचंदा ने भी अपनी रचनाओं से खूब वाहवाही पाई।



## पहले दिन चार पदों के लिए पांच नामांकन पत्र दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिला बार एसोसिएशन के सालाना चुनाव (वर्ष 2026-27) के लिए चुनाव समिति द्वारा मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। नामांकन के पहले दिन बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए कुल 5 नामांकन आए हैं। बुधवार को नामांकन भरने का अंतिम दिन है। चुनाव अधिकारी दलीप जाखड़ ने बताया कि नामांकन के पहले दिन प्रधान पद के लिए प्रदीप सिंह बाजिया, सचिव पद के लिए 2 मोहित चौधरी, समीर सिहाग, सहसचिव पद के लिए साहिल मदेरणा और महिला आरक्षित कोषाध्यक्ष पद के लिए आशा रानी बाल्यान अधिवक्ताओं के नाम आए हैं। बुधवार को नामांकन का दूसरा एवं अंतिम दिन है। इसके बाद सभी नामांकन पत्रों की चुनाव कार्यालय में जांच होगी व 29 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन वापिस लेने का समय दिया गया है। इस मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजबीर सिंह पायल, रतन सिंह पानू, राम सिंह सोढ़ी, मीनू शर्मा, कमल गुप्ता, अनुराग भारद्वाज, हिमांशु आर्य खोवाल आदि मौजूद रहे जिनकी देख रेख में नामांकन पत्र कार्यालय में जमा हुए।

**सूचना**

मैं, औमपति आधार कार्ड नम्बर 3594 9793 7412 पत्नी स्व० श्री रामनिवास निवासी गांव भाटला तहसील/जिला हांसी बयान करती हूं मेरा पुत्र अनुप मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का अनूप के साथ भविष्य में कोई सम्बन्ध व वास्ता नहीं होगा। आज के बाद अनूप के साथ लेन-देन व व्यवहार करने वाला व्यक्ति या महिला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जवाबदेही व जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### नीमा की पहल पर एसपी ने जताया आभार

**हिसार।** नशा मुक्ति टीम द्वारा नशे की लत में फंसे युवाओं से संपर्क स्थापित कर उनका मनोबल बढ़ाया जा रहा है, उन्हें उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) शाखा हिसार ने एक सराहनीय पहल करते हुए नशा ग्रस्त युवाओं के उपचार के लिए अपना योगदान दिया। एसोसिएशन के सदस्य डॉ. सुनीत कुमार सैनी, डॉ. सुरेश जयसवाल, डॉ. अमर ठकराल, डॉ. साकेत शर्मा व राकेश अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा दवाइयां भेंट की गई हैं। इन दवाइयों का उपयोग नशा पीड़ति युवाओं के उपचार एवं पुनर्वास में किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने एसोसिएशन के इस सराहनीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### छात्रों के लिए ऋण नीति में सुधार करने की मांग

**हिसार।** इनेलो के वरिष्ठ नेता एवं हिसार विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे एडवोकेट प्रमोद बागड़ी ने सरकार से मेडिकल छात्रों के लिए शिक्षा ऋण नीति में सुधार, नीट प्रभावित छात्रों को राहत तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि देश के लाखों छात्र डॉक्टर बनने का सपना लेकर वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं और नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं की तैयारी में छात्र व उनके परिवार अपनी आर्थिक क्षमता, समय और संसाधनों का बड़ा हिस्सा लगा देते हैं। उन्होंने मांग रखी कि एमबीबीएस छात्रों के लिए शिक्षा ऋण सीमा बढ़ाई जाए तथा एमबीबीएस जैसे महंगे पाठ्यक्रमों के लिए 1 करोड़ से 1.5 करोड़ रुपये तक आसान शर्तों और सरकारी गारंटी आधारित शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाए।

### सरकार का महंगाई रोकने पर कोई ध्यान नहीं : खटक

**हिसार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष सम्पत खटक ने कहा कि चुनाव के दौरान सरकार ने ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी की भनक तक नहीं लगने दी, लेकिन चुनाव परिणाम आते ही लगातार दाम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने का सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ता है, क्योंकि इससे परिवहन महंगा होता है और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों के दाम भी बढ़ जाते हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार का महंगाई पर कोई ध्यान नहीं है और उसका मुख्य एजेंडा सिर्फ चुनाव जीतना है।

### अग्रवाल सेवा समिति की सीएम से मुलाकात

**हिसार।** अग्रवाल सेवा समिति अर्बन एस्टेट-2 के प्रधान एवं पार्षद संजय डालमिया व नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली व समिति सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर पर मुलाकात की व हिसार में समिति के लिए जमीन दिलवाने के लिए मांग पत्र सौंपा। अग्रवाल सेवा समिति के महासचिव नीरज बंसल ने बताया कि विधायक सावित्री जिंदल के माध्यम से समिति कार्यालय के लिए जमीन की मांग की। इस मौके पर सीएम ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि समिति की मांग को अवश्य पूरा किया जाएगा।

## लुवास में इंटरक्लास कबड्डी टूर्नामेंट का आगाज

# रोमांचक मैच में वीएलडीए व बीवीएससी टीम को हराया

**पहली बार महिला खिलाड़ी भी ले रही कबड्डी टूर्नामेंट में हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। मुख्य अतिथि के साथ महिला खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में आज विश्वविद्यालय में इंटरक्लास कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप कुमार, एडीएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स डॉ. यशवंत सिंह तथा डॉ. रवि दत्त द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में बीवीएससी एवं वीएलडीए टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, किंतु अंततः वीएलडीए टीम ने 62 अंक प्राप्त कर मुकाबला अपने नाम किया, जबकि बीवीएससी टीम 56 अंकों तक पहुंच सकी। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, रणनीति एवं मजबूत टीम भावना का परिचय दिया।

वहीं, गर्ल्स वर्ग में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की टीमों के बीच मुकाबला आयोजित किया गया। आज का दिन विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि पहली बार छात्राओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर नई मिसाल कायम की।

**ये रहे मा**

इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।


हिसार। कबड्डी मुकाबले में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विक्रमशिला विजनरीज रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय सामाजिक विज्ञान रखा गया, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनके सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता का विकास करना था। प्रतियोगिता में विक्रमशिला विजनरीज, पाटलिपुत्रा पायोनियर्स, तक्षशिला टाइटन्स एवं नालंदा नेक्सस नामक चार टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोचक बना दिया। परिणामों में विक्रमशिला विजनरीज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि पाटलिपुत्रा पायोनियर्स ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तक्षशिला टाइटन्स तृतीय स्थान पर रही, वहीं नालंदा नेक्सस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को विद्यालय प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले आयोजित इस प्रतियोगिता को तीन चरणों में आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को बधाई दी।

# मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी 30 मई को हिसार में करेंगे प्रदर्शन

- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को सौंपेंगे के मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


नारनौंद। प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार जारी है। हड़ताल 12 वे दिन में प्रवेश कर गई। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल को वापस नहीं लिया जाएगा। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को विधानसभा में रेगुलइजेशन पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए। 30 मई को सभी कर्मचारी हिसार में एचएयू के गेट नंबर 4 के सामने पार्क में से प्रदर्शन करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर पहुंचेंगे और उन्हें मांग पत्र सौंपा जाएगा। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल को 31 मई तक बढ़ा दिया है। अगर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जल्द ही खत्म नहीं हुई तो गांव की हालत काफी खराब हो जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष भूपसिंह, ब्लॉक प्रधान सतीश भैणी, संजय मिर्चपुर, नसीब, कृष्ण, मीनू,दर्शना, ननकी, निर्मला आदि मौजूद थी।

# स्वयंसेवकों ने हकृवि परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

- स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज स्वयंसेवकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में सफाई का कार्य किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्थानों से कूड़े-कचरे को एकत्रित कर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को स्वच्छ वातावरण के महत्व के प्रति प्रेरित करना रहा। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ भगत सिंह ने बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा समय-समय पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों में सेवा और नेतृत्व की भावना का विकास हो सके।

इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. अरुण कुमार व डॉ. इदरीश सहित आदि मौजूद रहे।

# एमएससी फिजिक्स व इंटीग्रेटेड बीएससी के लिए दाखिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में एमएससी फिजिक्स व इंटीग्रेटेड बीएससी (फिजिकल साइंसिज)-एमएससी फिजिक्स के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक जून है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुजवि का भौतिकी विभाग स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाओं के नए द्वार खोल रहा है। शिक्षा, शोध (रिसर्च) और खेल के क्षेत्र में लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा यह विभाग अब हरियाणा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पटल पर अपनी एक खास पहचान बना चुका है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि यह पूरी टीम की सामूहिक मेहनत और समर्पण का नतीजा है, जो भौतिकी विभाग देश के लिए एक रोल मॉडल बन रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. आरएस कुंडू ने बताया कि विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक इसका ग्लोबल नेटवर्क है। विभाग के 15 से अधिक विद्यार्थी इस समय दुनिया के नामी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में भारी-भरकम छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) के साथ उच्च स्तरीय रिसर्च कर रहे हैं।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में भाषा कैंप केवल खानापूर्ति : अध्यापक


हिसार। अध्यापक संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान लगाए जा रहे भाषा शिक्षण शिविरों पर कड़ा ऐतराज जताया है। संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला सचिव विनोद प्रभाकर, वित्त सचिव विजेंद्र सिंह, सह सचिव भूपेंद्र सिंह, कार्यालय सचिव राजेंद्र अग्रोहा, राज्य उपप्रधान अलका, संगठन सचिव कृष्ण भर्री, ऑडिटर सुभाष जास्ट, विजय टीआई, अशोक यादव, राजेश मेहरा और दलवीर भादू सहित अन्य पदाधिकारियों ने सरकार और शिक्षा विभाग के फैसले की तीखी आलोचना की। संघ नेताओं ने कहा कि 25 से 31 मई तक भाषा शिक्षण के नाम पर लगाए जा रहे शिविरों के जरिए विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ विभाग भीषण गर्मी को देखते हुए 25 मई से 30 जून तक स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करता है, वहीं दूसरी ओर इसी दौरान कैंप आयोजित कर अपने ही आदेशों की अवहेलना कर रहा है। अध्यापक संघ ने स्पष्ट किया कि उनका संगठन केवल विरोध के लिए विरोध नहीं करता, लेकिन तपती गर्मी में बच्चों और शिक्षकों को जबरन विद्यालय बुलाना सरासर शोषण है।

# चानौत से डीसी कार्यालय तक किसान-मजदूर यूनियन ने की पैदल यात्रा

- मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। मांग को लेकर प्रदर्शन करते भारतीय किसान मजदूर यूनियन के सदस्य।

भारतीय किसान मजदूर यूनियन के नेतृत्व में मंगलवार को गांव चानौत से डीसी कार्यालय हांसी तक पैदल यात्रा निकाली गई।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि सिंचाई विभाग को तुरंत प्रभाव से आवश्यक कोष (फंड) उपलब्ध करवाया जाए, ताकि बाढ़ प्रभावित सभी गांवों को आर्थिक सहायता दी जा सके। साथ ही भविष्य में इन गांवों को बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए स्थायी और पक्के प्रबंध किए जाएं। यूनियन नेताओं ने बताया कि पिछले दिनों यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल सिंचाई मंत्री से मिला था। मंत्री ने प्रभावित गांवों की खराब फसल, पशुधन हानि और मकानों को हुए नुकसान का मुआवजा देने का आश्वासन दिया था। इसके अलावा हर वर्ष बाढ़ से होने वाले नुकसान की रोकथाम के लिए स्थायी प्रबंध करने की बात भी कही गई थी। यूनियन के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा प्रभावित गांवों के लिए एस्टीमेट भी तैयार कर दिए गए हैं, लेकिन फंड की कमी के कारण कार्य शुरू नहीं हो सके। इसी के चलते यूनियन ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का फैसला लिया है, जिसकी कड़ी में मंगलवार का प्रदर्शन आयोजित किया गया।

### ऑफर लेटर जारी नहीं किया तो होगा आंदोलन

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की हेड ऑफिस कार्यकारिणी की पहली बैठक विद्युत सदन, मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता हेड ऑफिस कार्यकारिणी अध्यक्ष नीरज तारा ने की। बैठक में सरकार द्वारा निर्धारित जॉब सिक्योरिटी एक्ट-2024 की अंतिम तिथि 15 जून को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकारिणी सदस्यों एवं उपस्थित कर्मचारियों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा तक जॉब सिक्योरिटी एक्ट-2024 के तहत कर्मचारियों को ऑफर लेटर जारी नहीं किए गए, तो आगामी बैठक में निर्णय लेकर कर्मचारी वर्ग अपने अधिकारों की रक्षा के लिए विरोध-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा।

# 300 गुणा प्रॉफिट का लालच देकर सेना के जवान से 15.88 लाख ठगे

- साइबर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार मिलिट्री कैंट में तैनात महाराष्ट्र के रहने वाले भारतीय सेना के एक जवान से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 15 लाख 88 हजार 200 की बड़ी साइबर ठगी का मामला पुलिस तक पहुंचा है। मूल रूप से महाराष्ट्र के कोल्हापुर के रहने वाले जवान को जालसाजों ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर नामक फर्जी ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड कराया और 300 प्रतिशत रिटर्न वाले आईपीओ का लालच देकर बैंकों से लोन तक मंगवा लिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित जवान की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

हिसार कैंट के अब्दुल हमीद विहार में रह रहे पीड़ित जवान डलवी सुमित मारुती ने पुलिस को बताया कि वे पिछले चार-पांच वर्ष से म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। इसी दौरान उन्हें एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में लोग रोज स्क्रीनशॉट भेजकर 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक मासिक मुनाफे का दावा कर रहे थे। बाकी लोगों का प्रॉफिट देखकर सुमित ने भी ठगों के बताए एक ट्रेडिंग एप्लीकेशन को मोबाइल में इंस्टॉल कर लिया और शुरुआत में 50 हजार रुपये निवेश किए। इसके बाद ठगों ने अच्छे परफॉर्मेंस का झांसा देकर उन्हें एक दूसरे ग्रुप '28- स्पेशल ट्रेनिंग टीम ए' में शिफ्ट कर दिया। इस ग्रुप का एडमिन पीयूष शर्मा और उसकी असिस्टेंट जीनल पटेल थी, जो सुमित से व्हाट्सएप चैट के जरिए निवेश की डील्स तय करते थे।

**जांच में जुटी पुलिस**

मामले की जांच कर रहे एएसआई नरेंद्र कुमार ने बताया कि परिवादी के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। अपराध की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर स्पेशल रिपोर्ट मेल के जरिए उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। जल्द ही इसकी कॉपी इलाका मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी और बैंक खातों व मोबाइल नंबर्स को ट्रैक कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

**नौतपा में तपा हिसार, पारा 44 के पार**

**हिसार।** नौतपा के दूसरे दिन गर्मी के रफ्तार पकड़ने से हिसार शहर तपने लगा है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान बढ़कर 44.5 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अभी तीन दिन और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि राज्य में मौसम आमतौर पर 29 मई तक खुश्क रहने व बीच बीच में दक्षिण पश्चिमी गर्म हवाएं चलने की संभावना है । परंतु 29 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ने तथा राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने की संभावना है जिसके आंशिक प्रभाव से 29 मई रात्रि से 1 जून ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादलवाई रहने तथा बीच बीच में धूल भरी हवाएं चलने व कहीं कहीं गरजचमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है।


**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## हर रोज होती हैं दुर्घटनाएं, सड़क कम और गड्ढे ज्यादा, विभाग बना अनजान

# नारनौंद से खांडा खेड़ी की सड़क खस्ता हाल, यात्रियों को परेशानी

**शिकायत करने के बाद भी नहीं हुआ समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


नारनौंद। नारनौद से जुलाना सड़क मार्ग गांव खांडा खेड़ी तक टूटी हुई सड़क पर गड्ढे।

नारनौंद से जुलाना जाने वाली सड़क गांव खांडा खेड़ी से नारनौंद तक पिछले काफी महीनों से इतनी खस्ता हालत में पहुंच गई की सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं। आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना तो करना पड़ रहा है। आए दिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं भी घट रही है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। नारनौंद से जुलाना सड़क मार्ग पर नारनौंद से खांडा खेड़ी तक जाने वाली सड़क इन दिनों बदहाली के आंसू रो रही हैं। सड़क कम और गड्ढे ज्यादा देखने को मिलेंगे। इसके कारण इस सड़क मार्ग पर आने वाले वाहन चालक और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। आए दिन यहां पर दुर्घटना भी घट रही हैं।

**कैप्टन अभिमन्यु के कार्यकाल में था चकाचक**

*ग्रामीण वीरेंद्र, संदीप, सोनू, प्रदीप, अनिल, हवा सिंह आदि ने बताया कि जब कैप्टन अभिमन्यु सरकार में वित्त मंत्री थे तो सड़क चकाचक रहती थी लेकिन पिछले काफी महीनों से सड़क टूटी हुई है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। काफी बार अधिकारियों के पास शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन सड़क और भी ज्यादा टूटती ही जा रही है। कम से कम जब तक इस सड़क को नहीं बनाया जाता तब तक पेंच वर्क करके इसको ठीक तो किया जा सकता है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही साफ देखने को मिल रही है। सड़क टूटने के कारण काफी लोग वाया पेटवाड़ होकर गांव खांडा खेड़ी या बास में पहुंचते हैं।*

ग्रामीण एसडीएम सहित अनेक अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस सड़क मार्ग से हर रोज सरकारी कार्यालयों में आने वाले कर्मचारी संदीप, लोहित, अमित, सुधीर आदि ने बताया कि पहले गांव खांडा खेड़ी से नारनौंद में 10 मिनट लगती थी अब आधा घंटा से भी ज्यादा समय लगता है। गड्ढों के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ती है और दुर्घटनाओं को भी डर रहता है। काफी बार यहां पर दुर्घटना हो भी चुकी है।

**एस्टीमेट भेजा**

सड़क का करीब तीन करोड़ का एस्टीमेट बनाकर भेजा हुआ है। जैसे ही ऊपर से मंजूरी मिलेगी। सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर शुरू करवा दिया जाएगा।
-युद्धवीर सिंह झाझड़िया, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी।